### एक नजर में

## बोलिया फंटे से मोटरसाइकिल चोरी, अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**पिपलियामण्डी।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार फरियादी राधेश्याम (30) पिता मदनलाल, निवासी बर्डिया अमरा थाना गरोठ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती-किसानी का कार्य करता है। राधेश्याम ने पुलिस को बताया वह सुबह करीब 7 बजे वह अपने रिश्तेदार के शादी समारोह से अपने गांव बर्डिया अमरा लौट रहा था। वह अपनी हीरो कंपनी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक स्क्ब14 ष्ठ6709 से जा रहा था, जो काले रंग की है तथा उस पर ग्रे रंग की पट्टियां बनी हुई हैं। रास्ते में वह बोलिया फंटे के पास रुका और मोटरसाइकिल खड़ी कर फ्रेश होने चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटने पर उसने देखा कि उसकी मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। इसके बाद उसने आसपास क्षेत्र और गांव में काफी तलाश की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला। फरियादी के अनुसार कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी पुरानी इस्तेमालशुदा मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। नाहरगढ़ पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## पुलिस जनसुनवाई में 45 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं

**मंदसौर।** आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में पुलिस जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने कुल 45 आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमती हेमलता कुरील, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति, थाना प्रभारी कोतवाली पुष्पेंद्र सिंह राठौर, थाना प्रभारी यशोधर्मन नगर शिवांशु मालवीय एवं थाना प्रभारी नई आबादी कुलदीप सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संबंधित अनुभागों से जुड़े आवेदनों पर तत्काल एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निराकरण पुलिस की प्राथमिकता है।

## जनसहयोग से निखर रही शिवना, 113वें दिन भी जारी रहा शुद्धिकरण अभियान

**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण जनअभियान के 113वें दिन मंगलवार को भी बड़ी संख्या में श्रमदानी उत्साहपूर्वक अभियान में शामिल हुए। श्रमदान के दौरान नदी में जमी गंदगी, प्लास्टिक कचरा एवं अन्य अपशिष्ट को बाहर निकाला गया। साथ ही नदी किनारों पर फैली गाजर घास की सफाई भी की गई। अभियान के तहत मंगलवार को नदी से 2 ट्राली कचरा निकाला गया। अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। श्रमदानियों की लगातार मेहनत से शिवना नदी का स्वरूप दिन-प्रतिदिन स्वच्छ एवं सुंदर होता दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह निरंतर जनसहयोग मिलता रहा तो निश्चित रूप से शिवना को पुनः स्वच्छ एवं पावन स्वरूप प्रदान किया जा सकेगा। विधायक श्री जैन ने नगरवासियों से प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक अभियान में श्रमदान करने की अपील भी की। अभियान में समाजसेवी, महिला नेत्रियां, कांग्रेसजन एवं विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# नपा के 700 सफाई मित्रों को सुरक्षा और सफाई उपकरण बांटे

- नपाध्यक्ष गुर्जर ने सफाई मित्रो को एक ही स्थान पर और एक ही दिन में उपकरण वितरित किए




**मंदसौर। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की नगर पालिका परिषद मंदसौर नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है नगर की सफाई व्यवस्था बेहतर हो तथा सफाई मित्रों (कर्मचारियों) को बेहतर सुरक्षा एवं सफाई उपकरण मिले इसके लिए कल मंगलवार को नगरपालिका के द्वारा कमला नेहरू स्कूल परिसर में नगर पालिका के लगभग 700 सफाई मित्रो (कर्मचारियों) को पी.पी.ई. किट सुरक्षा उपकरण एवं सफाई उपकरण प्रदान किए गए।**

रमादेवी बंशीलाल गुर्जर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं नगर पालिका सभापति प्रतिनिधि रामेश्वर मकवाना पार्षदगण श्रीमती भारती पाटीदार सुनीता गुजरिया पार्षद प्रतिनिधि अनूप माहेश्वरी ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा एवं प्रभारी सफाई दरोगा की उपस्थिति में सफाई मित्रों को वर्दी एवं सुरक्षा उपकरण जिसमें टोपी ग्लब्स मास्क जैकेट कम्बु ट जूते एवं सफाई उपकरण जिसमें फावड़ा गैति एवं फावड़ी शामिल है सभी सफाई मित्रों को वितरित किए इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि सफाई मित्र हमारे नगर पालिका परिवार के महत्वपूर्ण अंग है उनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है इनको बेहतर सुरक्षा एवं सुविधा मिले यह हमारा प्रयास रहा है आज हमारे नगर पालिका परिषद लगभग 700 कर्मचारियों को एक साथ एक ही स्थान पर उपकरण वितरित कर रही है स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत आगामी समय में जो स्वच्छता सर्वेक्षण होने जा रहा है उसमें नगर पालिका को बेहतर रैंकिंग मिले यह हमारा प्रयास है।

## ई-टोकन व्यवस्था पर किसानों में बढ़ा असंतोष
## पूरी तैयारी के बाद ही लागू हो व्यवस्था : कुमठ

**पिपलियामण्डी।** प्रदेश में खाद वितरण के लिए लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था को लेकर किसानों में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है। किसानों को खाद लेने में आ रही तकनीकी और व्यवस्थागत परेशानियों को लेकर फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) नई दिल्ली के सदस्य अशोक कुमठ ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान को विस्तृत पत्र लिखकर तत्काल सुधार की मांग की है।

कुमठ ने पत्र में कहा कि किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पहले उसका संपूर्ण होमवर्क, परीक्षण और जमीनी स्तर पर तैयारी होना आवश्यक है। बिना पूरी तैयारी के लागू की गई योजनाएं किसानों के लिए राहत की जगह परेशानी का कारण बन जाती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मध्यप्रदेश में लागू की गई खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था भी कई प्रकार की व्यावहारिक समस्याओं से घिरी हुई है। कुमठ ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में प्रत्येक किसान के लिए आईडी होना अनिवार्य कर दिया गया है, जबकि आज भी बड़ी संख्या में किसान ऐसे हैं जिनके पास आवश्यक आईडी उपलब्ध नहीं है। ऐसे किसान खाद प्राप्त करने के लिए समितियों और दुकानों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाद नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि किसानों को जरूरत के अनुसार खाद की मात्रा नहीं मिल पा रही है।

निर्धारित सीमा और तकनीकी बाधाओं के कारण कई किसानों को आधी-अधूरी मात्रा में ही खाद उपलब्ध हो रही है, जिससे आगामी फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिलने से बोवनी और फसल प्रबंधन प्रभावित होगा। कुमठ ने सॉयल हेल्थ कार्ड की अनिवार्यता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक किसानों के पास अभी तक सॉयल हेल्थ कार्ड उपलब्ध नहीं हैं, इसके बावजूद सॉफ्टवेयर के आधार पर खाद की अनुशंसित मात्रा तय की जा रही है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखकर बताई जमीनी परेशानियां...

- कहा- तकनीकी खामियों से किसान हो रहे परेशान

**मन्दसौर।** मंदसौर मध्य प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संघ जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी जिले की प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती दीपिका बैरागी एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिला कमिश्नर गाइड टेरेसा मिंज एवं जिला कमिश्नर रोवर एनडी वैष्णव के नेतृत्व में जिले की गतिविधियां संचालित हुई।

वर्ष भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन राज्य सचिव बीएल शर्मा को राज्य मुख्यालय भोपाल में रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव, जिला सचिव सलमा शाह, स्काउट मास्टर राजेश पंड्या द्वारा सौंपा गया। इस प्रतिवेदन में भारत स्काउट गाइड जिला संघ मंदसौर द्वारा वर्ष पर जिले में चलाए गए विभिन्न सेवा कार्यों के साथ ही विभिन्न प्रशिक्षण एवं विभिन्न कार्यक्रम जैसे मतदाता जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति आंदोलन, शिवना शुद्धिकरण, वृक्षारोपण, जल पात्र वितरण सहित अनेकों कार्य विभिन्न संगठनों के सहयोग से किए गए। इसके पूरे वर्ष भर के कार्यक्रमों शिक्षा विभाग के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार एवं राज्य मुख्यालय के आदेश के परिपालन में किए गए कार्यों का प्रतिवेदन सुव्यवस्थित ढंग से संकलित कर बुकलेट तैयार की गई जो राज्य सचिव बीएल शर्मा को सौंपी गई।

राज्य सचिव बी एल शर्मा पूरे प्रतिवेदन का सूक्ष्म अवलोकन किया एवं प्रतिवेदन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में मंदसौर जिले की जो कार्य प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है वह सबसे ही बेस्ट और व्यवस्थित है इसमें कार्यक्रम का पहले प्रतिवेदन फिर कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स एवं समाचार पत्रों की कटिंग उसमें लगाई गई है।

**एक नजर** — पांच दिन में समाधान नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी

# पानी के संकट से परेशान ग्रामीणों ने पंचायत का किया घेराव

**गरोठ। जनपद पंचायत क्षेत्र के ढलमू गांव में गहराते पेयजल संकट को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने मटकियां लेकर पंचायत पहुंचकर पानी की नियमित आपूर्ति की मांग की।**




ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पिछले दो माह से पेयजल समस्या बनी हुई है। करोड़ों रुपए की पेयजल योजना के तहत पानी की टंकी, पाइपलाइन एवं नल कनेक्शन का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद नियमित जल आपूर्ति नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

ग्रामीण कालूराम मीणा ने बताया कि सरपंच रामकिशन एवं सचिव भारत मतवाला को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पांच दिनों के भीतर समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो ग्रामीण चक्का जाम आंदोलन करेंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन, पशुपालन एवं कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मामले में जनपद पंचायत गरोठ एवं संबंधित अधिकारियों ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

प्रदर्शन में मुकेश खारोल, पंकज मीणा, सुरेश मीणा, ईश्वर मीणा, आशीष, ज्योति, पूजा, मांगीबाई, कन्हैयालाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




### एक नजर में

## कलेक्टर कार्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार 12 मई को कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. मनीष यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 190 अधिकारी एवं कर्मचारियों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं बी.एम.आई. की जांच की गई। जांच के दौरान 109 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए, जिनमें से 23 लोगों को हाई ब्लड प्रेशर एवं 17 लोगों को हाई ब्लड शुगर की समस्या पाई गई। संबंधित कर्मचारियों को स्वास्थ्य परामर्श देकर आवश्यक चिकित्सीय सलाह एवं उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में संपर्क करने के निर्देश दिए गए। डॉ. मनीष यादव ने बताया, कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान हो जाती है। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने एवं जीवनशैली में सुधार लाने की अपील की गई है।

## अभा पोरवाल युवा संगठन ने स्थापना दिवस पर दी जल मंदिर की सौगात, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




**नीमच।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन नगर इकाई नीमच द्वारा आज 11 मई को स्थापना दिवस के अवसर पर दीनदयाल वाटिका इनिदरा नगर में जल मंदिर की सौगात आम जनता को दी है प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान समारोह भी संपन्न हुआ है इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में युवा संगठन द्वारा किए जा रहे हैं यह कार्य प्रेरणादायक है, व समाज की उन्नति में युवाओं का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है! पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जैन पप्पू भैया ने कहा कि जीस और जवानी चलती है उसे और समाज आगे बढ़ता है, युवा संगठन द्वारा जल मंदिर की सौगात देकर जनता में एक सराहनी कार्य किया है! पार्षद हरगोविंद दीवान ने कहा कि वार्ड में युवा संगठन द्वारा की गई जल मंदिर की स्थापना निश्चित समाज को एक नई दिशा देती है हम सबको भी प्रेरणा लेकर जन सेवा के कार्य करना चाहिए कार्यक्रम को बंशीलाल धनोतिया ने कहा कि छोटे से वृक्ष के रूप में 24 वर्ष पूर्व संगठन की स्थापना हुई थी जो आज राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाता हैअखील भारतीय पोरवाल महासभा के अध्यक्ष मुकेश पोरवाल ने कहा कि संगठन की स्थापना 11 मई को 24 वर्ष पूर्व हुई थी जो आज एक वट वृक्ष के रूप में स्थापित हो चुकी है संगठन द्वारा रक्तदान शिविर, गौशाला में चार डालना, वरिष्ठ जनों का सम्मान करना ऐसे अनेक कार्यक्रम आज राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए गए। संगठन हमेशा ही समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहता है, हर व्यक्ति की मदद करना संगठन की पहली प्राथमिकता है।

# कलेक्टर ने की जनसुनवाई, 130 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

- सेमली चंद्रावत तालाब से तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश
- बीमार व्यक्ति को रेडक्रॉस से आर्थिक मदद देने के निर्देश



**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए 130 आवेदकों की समस्याएं सुनीं एवं उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर बी.एस. कलेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।**

सेमली चंद्रावत तालाब की भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश:- जनसुनवाई में ग्राम सेमली चंदावत के बाबुकुंवर व ग्रामीणों ने गांव के सर्वे नम्बर 635/2 पर 2 हेक्टेयर तालाब की जमीन का सीमांकन करवाकर अवैध अतिक्रमण हटवाने संबंधी आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार नीमच ग्रामीण को मंगलवार को ही राजस्व टीम भेजकर सीमांकन करवाकर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए।

बीमार मजदूर को रेडक्रॉस से मदद के निर्देश:जनसुनवाई में मातारूण्डी मनासा के बीमार मजदूर सत्यनारायण ने आर्थिक स्थिति कमजोर बताते हुए परिवार के भरण-पोषण के लिए आर्थिक सहायता का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने सत्यनारायण को रेडक्रॉस नीमच से आर्थिक मदद प्रदान करने के निर्देश रेडक्रॉस प्रभारी को दिए हैं।

नवलपुरा में रास्ता खुलवाने के निर्देश: नवलपुरा के ग्रामीणों ने रूढ़िगत आम रास्ते को कुछ ग्रामीणों द्वारा अवरुद्ध करने और रास्ता खुलवाने के अनुरोध पर कलेक्टर ने तहसीलदार को मौके पर टीम भेजकर अविलम्ब रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए हैं।

अन्य आवेदन: जनसुनवाई में हतुनिया के राधेश्याम धनगर, मालखेड़ा प्रभुलाल, ज्ञानमंदिर महाविद्यालय नीमच के सेवानिवृत्त ग्रंथपाल ओमप्रकाश, जावद की रूकमणबाई, प्रतापपुरा कुकडेश्वर के प्रकाशचंद्र, राजकुमार, सरवानिया बोर के नरेन्द्र, सरवानिया महाराज की जानीबाई, नरसिंहपुरा के तुलसीराम, भादवामाता के सुरेश, दुरगपुरा के कालूलाल, सीरखेड़ा के बहादुरसिंह ने भी अपने आवेदन प्रस्तुत किए।

इसी तरह कुकडेश्वर वार्ड नम्बर 13 के राकेश, बरथून के लक्ष्मणसिंह, ग्वालटोली नीमच की सोमा पोद्दार, जावद की शांतिबाई, बांगरेड़ के नरसिंह, मोया के तुलसीराम, कड़ी आंत्री के विष्णु, बोरदिया कला के कचरूलाल, मनासा के संजय, अरनिया बोराना के भगवानसिंह, बरूखेड़ा के जगदीश, केलुखेड़ा के समरथ मेघवाल, देवरी खवासा के बाबूलाल, अम्बेडकर कॉलोनी नीमच की निर्मला ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर श्री चंद्रा ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई शिकायत निवारण और सीएम हेल्पलाइन शिविर का आयोजन

**नीमच। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन महोदय द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम. हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है।**



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन में दिनांक 12.05.2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया द्वारा जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया के समक्ष प्रस्तुत किया। ए.एस.पी. श्री नवल सिंह सिसोदिया द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के आवेदकों को संतुष्टिपूर्वक सुना जाकर 10 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान लगभग 25 फरियादियों द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई जाने पर एएसपी श्री सिसोदिया द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायतों के शिघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिये गये।

**एक नजर** — सेवानिवृत्त और मृत शासकीय सेवकों के पेंशन और अन्य स्वत्वों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें

# बचे सभी हितग्राहियों की डीबीटी संबंधी समस्याओं का करें समाधान : चंद्रा

**नीमच। जिले के सभी सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों और स्वत्व संबंधी अन्य प्रकरणों का सर्वोच्च प्राथमिकता से समय-सीमा में निराकरण कर भुगतान किया जाए। सभी कार्यालय के अधिकारी अधिकतम एक माह की सीमा में ऐसे सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।**



यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने समय सीमा पत्रों के निराकरण संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, सभी एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं में डीबीटी के माध्यम से लंबित भुगतान की समीक्षा में निर्देश दिए, कि सभी विभाग सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं में डीबीटी से असफल भुगतान के एक-एक प्रकरण की समीक्षा कर, समस्या का समाधान करें व सभी हितग्राहियों को डीबीटी से भुगतान करवाना सुनिश्चित करें। शतप्रतिशत शेष किसानों की फार्मर आईडी बनवाए- बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए, कि वे फार्मर रजिस्ट्री कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें और शेष सभी किसानों की फार्मर आईडी बनवाने के लिए राजस्व अमलें को पाबंद करें। कलेक्टर ने पटवारियों को साप्ताहिक लक्ष्य आवंटित कर फार्मर आईडी बनवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी शहरी विकास नीमच को निर्देश दिए, कि वे सीएमओ सिंगोली से चर्चा कर एक ठेकेदार द्वारा किए गऐ कार्यो का न.प.सिंगोली से लंबित बिलों का भुगतान करवाए। उन्होने सभी नगरीय निकायों को कमजोर आय वर्ग के परिवारों के लिए ए.एच.पी., हाउसिंग प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि जिले में समुदाय की भागीदारी से जिले में स्कूलों में ड्राप आउट विद्यार्थीयों को पुनः शाला प्रवेश का अभियान चलाकर शतप्रतिशत शाला त्यागी विद्यार्थियों को स्कूलों में प्रवेश दिलवाए। कोई भी विद्यार्थी ड्राप आउट ना रहे।